हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–112 : जौनपुर, गुरुवार 29 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## उत्तर प्रदेश में बहेगी विकास और निवेश की गंगा –मृत्युंजय दीक्षित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : वर्ष –2023 उत्तर प्रदेश के विकास और निवेश के लिए एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है । फरवरी में आयोजित होने जा रही इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से इस वर्ष आने वाले अभूतपूर्व निवेश से जहाँ प्रदेश के युवाओं को विविध क्षेत्रों में रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगे वहीं किसानों की आय भी बढ़ने जा रही है। भारत को जी –20 की अध्यक्षता मिलने के बाद प्रदेश के चार प्रमुख शहरों में भी इस समूह के देश के विभिन्न मंत्रियों व अधिकारियों की बड़ी बैठकें होने जा रही है। ऐसे में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निवेशकों व पर्यटकों को आकर्षित करने का कोई अवसर नहीं छोड़ना चाहती और उसका मास्टर प्लान भी तैयार हो चुका है।आगामी वर्ष 2023 में प्रदेश में कई मेगा इवेंट होने जा रहे हैं। खेलो इंडिया मूवमेंट का आयोजन करने का दायित्व भी प्रदेश को मिला है। प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों ने फरवरी 2023 में लखनऊ में आयोजित होने जा रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए निवेशकों को आकर्षित करने के लिए मुहिम चलाई और इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। अब तक के समाचारों के अनुसार फरवरी में राजधानी लखनऊ में आयोजित होने जा रही समिट में 52 से अधिक निवेशक व कंपनियां हिस्सा लेंगी। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने विदेशों में रोड शो किये तथा इस दौरान "एक जिला –एक उत्पाद" जैसी योजनाओं का प्रचार– प्रसार भी किया किया । प्रदेश में निवेश आमंत्रित करने के लिए अलग अलग देशों में गए प्रतिनिधि मंडलों को अच्छी सफलता मिली है। अमेरिका, नीदरलैंड,यूएई सहित खाड़ी के कई देश प्रदेश में भारी भरकम निवेश के लिए तैयार हो रहे हैं। विदेशी निवेशकों में जिस प्रकार का आकर्षण दिख रहा है उससे साफ हो गया है कि विदेशों में भी योगी मॉडल लोकप्रिय हो गया है।आस्ट्रेलिया और बेल्जियम से निवेश का कॉरिडोर बन रहा है।ब्राजील के निवेशक भी प्रदेश में निवेश करने के लिए उत्साहित हैं।आस्ट्रेलिया के निवेशक प्रदेश में डिफेंस, वाटर रिसोर्स हेल्थ और अर्बन इंफ्रास्टक्चर समेत विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने के लिए उत्साहित हुए।बेल्जियम में आयोजित रोड शो में यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक की ओर से बैठक में ब्रुसेल्स में एशिया और पैसिफिक डिविजन के हेड और एमडी एडवाडंस बमनस्टेस भी उपस्थित रहे।बैठक के बाद प्रदेश सरकार में औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल नंदी ने बताया कि विदेशी निवेशकों के लिए डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में निवेश की प्रबल संभावनाएं बन रही हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ब्राजील में निवेशकों से मुलाकात कर कृषि, डेयरी,आईटी व फार्मा सेक्टर में निवेश की संभावनाएं तलाशी हैं।दक्षिण कोरिया और जापान आदि देशों के निवेशकों में भी प्रदेश में निवेश करने का उत्साह दिखा। सिंगापुर की कंपनियों ने 8500 करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव दिए हैं।नीदरलैंडस से 1050 करोड़ के प्रस्ताव मिले हैं।जापान ने मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश को लेकर रूचि दिखाई है।कनाडा प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा भागीदार बनना चाहता है। स्वीडन की कंपनियों ने हथियारों का प्लांट लगाने की इच्छा जताई है।जिसमें स्वीडन की कंपनियों ने प्रदेश सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर 15 हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया है।ये



कंपनियां फिल्म सिटी , रिटेल टूरिज्म वेस्ट मैनजमेंट जैसे क्षेत्रों में निवेश करने को तैयार हैं।अर्जेंटीना के निवेशकों के साथ भी सार्थक चर्चा हुई और कृषि व आईटी आदि क्षेत्रों के लिए निवेशकों ने उत्साह दिखाया है।मेक्सिको, लंदन और जर्मनी में हुए रोड शो में प्रदेश सरकार द्वारा दी गई प्रस्तुति से निवेशकों में विशेष उत्साह देखने को मिला है। निवेशकों से चर्चा के दौरान मेक्सिको के निवेशकों को एक जिला एक उत्पाद योजना के अंतर्गत लोकप्रिय उत्पाद भेंट किये गये।जापान और दक्षिण कोरिया के प्रमुख औद्योगिक घरानों से25,456 करोड़ रूपए के एमओयू पर साइन भी हो गये हैं। ग्लोबल इन्वेस्टमेट समिट के लिए केवल विदेशी निवेशक ही नहीं अपितु स्वदेशी कंपनियां भी उत्साहित हो रही हैं।भारतीय उद्योगपतियों के समूह ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट फरवरी में सहभगिता के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपना उत्साह व समर्थन जताया।मुख्यमंत्री के सामने एवन साइकिल ग्रुप ने 500 करोड़, हीरो ग्रुप ने 350 करोड़ वैप ग्रुप ने 100 करोड़ रूपए का निवेश करने का प्रस्ताव रखा। अमेरिका और ब्रिटेन की कंपनियां जो निवेश करने जा रही हैं उससे प्रदेश में 5.60 लाख लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। फ्रांस की एक कंपनी प्रदेश में 1,000 करोड़ रूपए का निवेश करने जा रही है। विदेशी दौरे पर गए मंत्रियों से जो रिपोर्ट प्राप्त हुई है उसके अनुसार आईटी, कृषि और वैकल्पिक ऊर्जा में बड़ा निवेश आने जा रहा है। जर्मनी, बेल्जियम और स्वीडन आदि देशों की कई कंपनियां तकनीक भी साझा करने पर सहमत हो गई हैं।प्रदेश के सभी मंत्रियों ने अपने विदेशी दौरे के दौरान प्रदेश सरकार व यूपी की खूबियां बताई जिससे निवेशक उत्साहित हुए। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि, "यूपी सबसे बड़ा श्रम एवं उपभोक्ता बाजार है। सरकार जल, वायु, सड़क और रेल नेटवर्क के माध्यम से निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए त्वरित गति से बुनियादी ढांचे का विकास कर रही है जिससे उद्योगों को वैश्विक और घरेलू बाजार तक पहुंच बनाने में लाजिस्टिक्स की सुलभता में वृद्धि होगी। हमारे पास दुनिया की सबसे उर्वर भूमि है और सबसे संपन्न जल संसाधन है। विगत साढ़े पांच वर्षों में यूपी की छवि बदली है।हमारा प्रदेश राष्ट्रीय अर्थवयवस्था में अहम योगदान कर रहा है।" मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं भी लगातार देशी –विदेशी निवेशकों से संवाद करते हुए उन्हें यूपी में उद्योग स्थापित करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। निवेश सारथी के माध्यम से 30 नवंबर तक 1.68 लाख करोड़ रूपए से ज्यादा के निवेश प्राप्त हो चुके हैं।इसमें से 1.25 लाख करोड़ रुपए के एमओयू हो चुके हैं। सरकार की नई पर्यटन नीति से 10 लाख रोजगार और सौर ऊर्जा नीति से 30,000 रोजगार के नए अवसर पैदा होने जा रहे हैं। औद्योगिक पार्कों में सर्वाधिक 3,93,217 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। नया निवेश आने के बाद आईटी सेक्टर में महिलाओं, दिव्यांगों और कमजोर वर्ग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। योगी सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से यूपी को ब्रांड यूपी के रूप में विकसित करने जा रही है।प्रदेश सरकार विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मेलों ,कार्यक्रमों तथा सम्मेलनों मे प्रतिभाग कर रही है।इसी कड़ी में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 16 से 20 जनवरी तक स्विटजरलैंड के दावोस में होने वाले वर्ल्ड इकोनामिक फोरम की बैठक में भी जाएंगे।इस माध्यम से मुख्यमंत्री ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए निवेशकों को आमंत्रित करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश सरकार वर्ष– 2023 में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को और भी अधिक ऊंचाई पर ले जाने का प्रयास करेगी। अयोध्या, मथुरा, काशी के विकास का कार्य अनवरत जारी है।अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है तथा अयोध्या एयरपोर्ट जून तक पूरा हो जाने की संभावना है। कई अन्य धार्मिक स्थलों का विकास भी तेज गति से हो रहा है। इस प्रकार से वर्ष –2023 प्रदेश के लिए विकास, निवेश, पर्यटन आदि क्षेत्रों सहित सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए भी मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

## सूचना संकुल के निर्माण हो जाने के बाद पत्रकार बन्धुओं को स्थायी प्रेस क्लब मिल जायेगा –डी0एम0

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पत्रकार स्थायी समिति की बैठक जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में स्थायी समिति सदस्यों द्वारा प्रेस क्लब की मांग करने पर जिलाधिकारी ने कहा कि सूचना संकुल निर्माण के लिए धनराशि संबंधी मांग पत्र सूचना निदेशक एवं शासन को प्रेषित किया गया है और तब तक आप लोग अस्थाई रूप से किसी भवन को किराये पर लेकर प्रेस क्लब संचालित करें तथा सूचना संकुल के निर्माण हो जाने के बाद आप लोगों को स्थायी प्रेस क्लब मिल जायेगा। बैठक में समिति के सदस्यों ने कहा कि सरकारी बसों में उन्हें बैठने के लिए उनका स्थान नहीं दिया जाता है, इस पर जिलाधिकारी ने जिला सूचना अधिकारी से कहा कि एआरएम रोडवेज को पत्र के माध्यम से अवगत कराये और एआरएम बसों में मान्यता प्राप्त पत्रकार बन्धु के आने पर उनका स्थान खाली कराकर उन्हें बैठने व्यवस्था देने हेतु बस कन्डेक्टरों को निर्देश दें। बैठक में पत्रकारों के उत्पीड़न सम्बन्धी मामलों पर जिलाधिकारी ने कहा कि पत्रकार बन्धु ऐसा कोई कार्य न करें जिससे उन्हें पुलिस एवं अदालत का सामना करना पड़े क्योकि पत्रकार चौथे स्तम्भ के रूप में एक सम्मानित व्यक्ति होते है, इसलिए उन्हें अपनी गरिमा बनाये रखनी चाहिए। बैठक में समिति के




सदस्यों द्वारा जनपद के सभी पत्रकार संगठनों के पदाधिकारियों के मासिक बैठक करने के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन एवं प्रेस एक कड़ी है और उत्कृष्ट तालमेल बनाये रखने के लिए नियमित बैठक की जायेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, समिति के सदस्य अनिल कुमार मिश्रा, मनीष कुमार, मो0 आसिम खान तथा आमंत्रित सदस्य अखिलेश सिंह उपस्थित रहें।

## बूस्टर डोज में रुचि नहीं ले रहे लोग : जागरूकता अभियान चलाने की तैयारी

लखनऊ ब्यूरो : कोरोना की एहतियाती खुराक (बूस्टर डोज) को लेकर लोग रुचि नहीं दिखा रहे हैं। प्रदेश में अभी 2.60 लाख खुराक रखी हुई है। वहीं करीब ढाई लाख अतिरिक्त खुराक भी मंगाई गई है। अब एहतियाती खुराक को लेकर फिर से जागरूकता अभियान चलाने की रणनीति है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को एहतियाती खुराक दी जा सके। प्रदेश में कोविड का असर कम होने के बाद टीकाकरण की गति धीमी हो गई। ऐसे में टीके की अतिरिक्त खुराक नहीं मंगाई गई। लेकिन, अब विभिन्न देशों में कोविड के केस बढ़ने के बाद टीकाकरण पर फिर से जोर दिया जा रहा है। कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को एहतियाती खुराक दे दी जाए। क्योंकि प्रदेश में 17 करोड़ 69 लाख को पहली, 16 करोड़ 88 लाख को दूसरी खुराक दी गई है। दूसरी खुराक लेने वालों की संख्या में 18 साल से कम वालों को कम कर दिया जाए तो करीब 12 करोड़ से अधिक लोगों को एहतियाती खुराक देना जरूरी है। लेकिन, अभी तक चार करोड़ 48 लाख लोगों ने ही एहतियाती खुराक ली है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के पास इस समय करीब 2.60 लाख खुराक वैक्सीन मौजूद है। साथ ही राज्य सरकार ने करीब ढाई लाख से अधिक कोविड वैक्सीन की खुराक की डिमांड भेजी है। इतना जरूर है कि प्रदेश में कोविशील्ड की खुराक कम जिलों में बची है, ज्यादातर जिलों में



कोवाक्सीन की खुराक है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के सामने एहतियाती खुराक का लक्ष्य हासिल करना चुनौती बना हुआ है। छह दिन में सिर्फ 42 हजार ने लिया एहतियाती खुराक प्रदेश में एहतियाती खुराक के लिए जागरूकता अभियान के साथ अतिरिक्त बूथ भी बनाए जा रहे हैं, लेकिन पिछले छह दिन में करीब 42584 लोगों ने ही एहतियाती खुराक ली है। प्रदेश में 23 दिसंबर से 28 दिसंबर तक पहली खुराक लेने वालों की संख्या 4192, दूसरी खुराक लेने वालों की संख्या 8540 और तीसरी खुराक लेने वालों की संख्या 42584 बढ़ी है।

## गरीबों के लिए घटिया घर बनवाने वाले एलडीए के 13 अफसरों–इंजीनियरों से वसूले जाएंगे तीन करोड़

लखनऊ ब्यूरो : पारा में गरीबों के घटिया क्वालिटी के दो हजार से अधिक घर बनवाने वाले एलडीए के 13 अफसरों–इंजीनियरों से तीन करोड़ और ठेकेदार से 60 लाख के नुकसान की वसूली होगी। इनमें एक पीसीएस अफसर भी है। एलडीए ने देवपुर पारा में रिक्शा चालकों व दैनिक कमाई करने वालों के लिए वर्ष 2000–2001 में 59 बीघे जमीन पर आश्रयहीन योजना शुरू की थी। इसका काम करवा रहे 13 अफसरों–इंजीनियरों और ठेकेदार ने अपनी जेब भरने के लिए गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया। वर्ष 2005 में तैयार हुए मकानों की हालत देख इनमें रहने वालों से कभी भी हादसा होने का खतरा बताया गया। ऐसे में एलडीए बोर्ड ने इन घरों को ध्वस्त करने का प्रस्ताव पास कर शासन से मंजूरी ले ली। वर्ष 2014 में घरों को गिराने का सिलसिला शुरू हुआ। हाईकोर्ट के आदेश पर एलडीए ने प्रकरण की जांच की। इसमें दोषी पाए गए 13 अफसरों–इंजीनियरों पर कार्रवाई के लिए 26 दिसंबर को शासन को रिपोर्ट सौंपी गई। इनमें अधिकतर सेवानिवृत्त अफसर एवं इंजीनियर शामिल हैं। इनसे तीन करोड़ और 60 लाख की वसूली ठेकेदार से होगी। हालांकि, एलडीए के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द ठेकेदार से वसूली करना है। इसकी पड़ताल चल रही है कि वह अभी एलडीए में काम कर रहा है या नहीं। दोषी पाए गए अफसर व इंजीनियरों में पूर्व नगर नियोजक भारत भूषण, पूर्व मुख्य अभियंता आरपी शुक्ला, ललित किशोर मेहरोत्रा, विवेक मेहरा, एके गुप्ता, अधिशासी अभियंता एनएस दत्ता, आरएल सरोज, फुल्लन राय, सहायक अभियंता एसएस वर्मा, अवर अभियंता बीके राय, वीरेंद्र पांडय, देवेंद्र गोस्वामी एवं एक पीसीएस व प्राधिकरण सेवा के अफसर शामिल हैं। अवर अभियंता बीके राय को छोड़ अन्य सेवानिवृत्त हो चुके हैं। एक मुख्य अभियंता की मौत भी हो चुकी है। वीसी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी का कहना है कि पारा आश्रयहीन योजना के तहत गरीबों के घर बनाने में गुणवत्ता को दरकिनार करने के मामले में हुई जांच में 13 अफसर व इंजीनियर दोषी पाए गए हैं। इन पर कार्रवाई की सिफारिश करते हुए शासन को 26 दिसंबर को जांच रिपोर्ट सौंपी गई है। नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए सबसे वसूली होगी।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## इप्सेफ के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष की आकस्मिक मृत्यु पर की गयी शोक सभा

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री शिवकुमार पराशर की कल आकस्मिक मृत्यु पर एक सभा नगर निगम मुख्यालय के यूनियन भवन में श्री वी पी मिश्र राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में शोक सभा की गई जिसमें प्रार्थना की गई की ईश्वर उस आत्मा को शांति प्रदान करें तथा ईश्वर उनके परिवार को इस वज्रपात को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में श्री वी पी मिश्रा ने बताया कि श्री पराशर हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष एवं पीडब्ल्यूडी वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष भी थे। वे एक शक्तिशाली नेता थे, उनकी मृत्यु से यूनियन को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक सभा में श्री अतुल मिश्र राष्ट्रीय सचिव, शशी कुमार मिश्र, कैसर रजा, सुरेश रावत, गिरीश मिश्र, डॉक्टर के के सचान, संदीप बडोला, अशोक कुमार, उमेश मिश्रा, आशीष पांडे ,सुनील यादव आदि उपस्थित थे।

## थाना गौराबादशाहपुर पुलिस टीम द्वारा दो शातिर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर के दिशा निर्देशन मे थाना गौराबादशाहपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 29.12.2022 को जौनपुर–




आजमगढ़ हाइवे मार्ग पर कुकुहां मोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त रमेश प्रजापति पुत्र रामजीत प्रजापति निवासी चौकी पिलखुआ थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर तथा अभियुक्त रवि राजभर पुत्र रमेश राजभर निवासी बिथार थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर को क्रमशः उनके पास से चोरी की मोटर साइकिल व एक देशी कट्टा .303 बोर व एक जिंदा कारतूस .303 बोर सहित कुकुहां मोड़ से नियमानुसार बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त रमेश प्रजापति उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 238/2022 धारा 411/419/420/467/468 भा0द0वि0 व अभियुक्त रवि राजभर उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0स0 239/2022 धारा 3/7/25 आयुध अधिनियम थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1–रमेश प्रजापति पुत्र रामजीत प्रजापति निवासी चौकी पिलखुआ थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर उम्र 27 वर्ष 2–रवि राजभर पुत्र रमेश राजभर निवासी बिथार थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर उम्र 23 वर्ष पंजीकृत अभियोग– 1.मु0अ0स0 238/2022 धारा 411/419/420/467/468 भा0द0वि0 थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 2. मु0अ0स0 239/2022 धारा 3/7/25 आयुध अधिनियम थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर बरामदगी 1.एक मोटर साइकिल TVS SPORT CITY रंग स्लेटी व सफेद चेचिस न0 MD625FF16H1E36432 (अभि0 रमेश के कब्जे से) 2.एक अदद देशी कट्टा व एक अदद जीवित कारतूस .303 बोर (अभि0 रवि राजभर के कब्जे से) गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1.उ0नि0 रामजी सैनी, चौकी प्रभारी कस्बा गौरा थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर। 2.हे0का0 इस्तेखार खाँ, थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर। 3.का0 रविन्द्र कुमार यादव, थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर। 4.का0 धीरज कुमार सरोज थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

हमारे संकल्प वही हों जिनसे अपना और दूसरों का कल्याण हो।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# लाहौर में सर गंगा राम की याद

लाहौर जाने वाला हर आदमी गंगा राम अस्पताल देखता है। यह अस्पताल इसका जीवंत प्रमाण है कि सर गंगा राम द्वारा लोगों की बेहतरी के लिए उठाया गया कदम उनके न रहने के लगभग एक सदी बाद भी पाकिस्तान के लोगों के जख्मों पर मरहम लगाते हुए उन्हें स्वस्थ कर रहा है।

पाकिस्तान में अगर आप नई पीढ़ी के युवाओं से आधुनिक लाहौर के निर्माता दिवंगत सर गंगा राम के बारे में पूछें, तो ज्यादा संभावना यही है कि यह नाम वे पहली बार सुन रहे होंगे। सर गंगा राम एक बहुत बड़ी शख्सियत थे, जिनका लगभग सौ साल पहले निधन हो गया। यहां तक कि पंजाब में भी, लाहौर के लोगों को छोड़ दें, तो सर गंगा राम के बारे में शायद ही लोगों को पता होगा। दिग्गज लोगों के नाम तभी याद रहते हैं, जब लोग, सरकार या मीडिया उनका जिक्र करे। या फिर वे नाम इतिहास की पाठ्यपुस्तकों में हों। लाहौर में सर गंगा राम के कामकाज की निशानी हर जगह दिखती है, जिनकी आप अनदेखी कर ही नहीं सकते। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से पाकिस्तान के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने हाल ही में सर गंगा राम का जिक्र किया।

जो लोग उन्हें नहीं जानते थे, उन्हें भी विभाजन पूर्व के इस उपमहाद्वीप में सर गंगा राम के अद्भुत व्यक्तित्व और उनके परोपकार भरे कामकाज के बारे में पता चला।

इतिहास बताता है कि विभाजन से बहुत पहले वर्ष 1927 में सर गंगा राम का निधन हो गया था। कई बार मैं सोचती हूं कि विभाजन के समय तक जीवित रहने पर क्या वह दोनों तरफ के पंजाब में हुई भीषण हिंसा और खून–खराबे को रोक सकते थे? पाकिस्तान में सर गंगा राम के बारे में चर्चा होने का कारण यह है कि उनकी परपोती कीशा राम हिंस्डेल, जो अमेरिका में सीनेटर और सामाजिक कार्यकर्ता हैं, अपने पति जैकब हिंस्डेल के साथ पाकिस्तान आई थीं, ताकि अपने परदादा के कामकाज से परिचित हो सकें। प्रसिद्ध लेखक एफएस एजाजुद्दीन ने कीशा राम को बताया कि लाहौर के बहुचर्चित मॉडल टाउन को सर गंगा राम ने हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई समुदायों के बीच की दूरी को पाटने के लिए डिजाइन किया था। मॉडल टाउन के चारों कोने पर मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च थे। लंदन में उनकी मृत्यु होने के बाद लाहौर के लोगों ने मांग की थी कि उनके अस्थिकलश का एक हिस्सा लाहौर भेजा जाए, ताकि उसे हिंदी अपाहिज आश्रम के पास दफनाया जा सके, जैसी कि खुद सर गंगा राम की भी इच्छा थी। वह आश्रम अब वहां नहीं है, पर सर गंगा राम की समाधि है।

लाहौर जाने वाला हर आदमी गंगा राम अस्पताल देखता है। यह अस्पताल इसका जीवंत प्रमाण है कि सर गंगा राम द्वारा लोगों की बेहतरी के लिए उठाया गया कदम उनके न रहने के लगभग एक सदी बाद भी पाकिस्तान के लोगों के जख्मों पर मरहम लगाते हुए उन्हें स्वस्थ कर रहा है। लाहौर के लोग सर गंगा राम की यादों को किस तरह से सहेजे हुए हैं, इसका पता तब चला, जब कीशा राम को उनके परदादा के दस्तखत दिखाए गए। जब अखबारों और सोशल मीडिया पर सर गंगा राम का दस्तखत घूमने लगा, तब लोगों को पता चला कि उनका दस्तखत भी कितना खूबसूरत था। अपने पूर्वज की यह निशानी देखकर कीशा राम ने भावविह्वल टिप्पणी की थी, 'लाहौर में अपने पूर्वजों का घर देखने आई इस महत्वपूर्ण यात्रा में मुझे जो उपहार मिले, उनमें से एक है मेरे परदादा का दस्तखत। मैं अब तक यही सोचती आई थी कि सर गंगा राम से जुड़ी तमाम स्मृतियां नष्ट हो चुकी होंगी। लेकिन यहां आकर मैंने पाया कि लाहौर के लोगों ने करीब सौ साल पुरानी उनकी चीजें सुरक्षित रखी हैं।'

सर गंगा राम की चर्चा छिड़ने पर यहां पाकिस्तान में दो तरह की बातें होने लगी हैं। एक यह है कि क्या लाहौर से जुड़ी उनकी स्मृतियों से पीछा छुड़ाया जाए? और दूसरी यह कि सर गंगा राम से जुड़ी ऐतिहासिक धरोहरों को लाहौर म्यूजियम में सुरक्षित रखा जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके नाम और काम से परिचित हो सकें। सर गंगा राम की दयालुता और परोपकार के इतने किस्से हैं कि हैरान रह जाना पड़ता है। दुनिया में आप ऐसे लोग कहां पाएंगे, जो जरूरतमंदों के दुख में दुखी होकर उनकी मदद करते थे? जाहिर है कि लाहौर और पाकिस्तान की मिट्टी में कुछ खास बात तो जरूर होगी। मैं ऐसा इसलिए कह रही हूं कि अनेक बुराइयों के बावजूद ऐसे समाज और देश कम ही होंगे, जहां परोपकार करने वालों की संख्या इतनी ज्यादा होगी। कराची से वजीरिस्तान तक चाहे अमीर हों या गरीब, खासकर रमजान के महीने में परोपकार करने वाले अनेक लोग दिखते हैं।

जैसे कि सीनेटर कीशा राम ने लाहौर में अपने परदादा को याद करते हुए कहा कि जब वह अपनी जिंदगी के आखिरी मुकाम पर थे, तब हेली कॉलेज को लड़कियों को शिक्षा देने के लिए जगह की जरूरत थी। सर गंगा राम स्त्री शिक्षा को बहुत जरूरी मानते थे। कीशा राम कह रही थीं, 'जब मेरे पड़दादा को हेली कॉलेज की परेशानी के बारे में पता चला, तब उन्होंने कहा कि मैंने अपना सब कुछ दान कर दिया है, और अब मेरे पास ज्यादा कुछ बचा नहीं है। ऐसे में, कॉलेज वाले मेरी हवेली ले सकते हैं। यह किस तरह की दयालुता थी!' जब मैंने इस बारे में पढ़ा, तब मेरे मुंह से एक ही शब्द निकला, माशाअल्लाह! लेकिन मेरा मानना है कि सर गंगा राम को सर्वाधिक सम्मान तब दिया गया, जब कीशा राम पंजाब के मुख्यमंत्री परवेज इलाही चौधरी से मिलने के लिए गईं। उस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने यह एलान किया कि सर गंगा राम की हवेली को म्यूजियम में तब्दील किया जाएगा। इस पर भावुक कीशा राम का कहना था, 'यह सर गंगा राम की स्मृतियों को श्रद्धांजलि है, और उन्हें अगर इस तरह याद किया जा रहा है, तो इसका पूरा श्रेय लाहौर के लोगों को जाता है। आपने लाहौर की बेटी के तौर पर मेरा स्वागत किया, इसके लिए बहुत–बहुत शुक्रिया।'

यह बेहद दिलचस्प तथ्य है कि कई साल पहले बतौर मुख्यमंत्री परवेज इलाही चौधरी ने ही पंजाब स्थित विश्व प्रसिद्ध कटासराज मंदिर के जीर्णोद्धार का काम शुरू करवाया था। चूंकि पाकिस्तान के कारीगरों को मूर्तियों के संरक्षण की कला नहीं आती, ऐसे में, परवेज इलाही ने भारतीय पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री से कुछ कारीगर भेजने के लिए कहा था। कीशा राम के रहते हुए एक समाधि समारोह भी आयोजित हुआ, जो पाकिस्तान में दुर्लभ है, और जिसमें एक मुस्लिम इमाम और एक हिंदू पंडित ने अगल–बगल बैठकर प्रार्थनाएं की थीं। सर गंगा राम की स्मृतियों की तलाश में पाकिस्तान आईं कीशा राम के अनुभव बताते हैं कि धार्मिक असहिष्णुता के इस क्रूर दौर में उम्मीद पूरी तरह खत्म नहीं हुई है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## निगमों में छठे वेतनमान के एरियर के भुगतान और पेंशन वृद्धि के लिए आन्दोलन की चेतावनी''

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। स्टेफको सेवानिवृत्त महासमिति और ई पी एस 95 एन ए सी के संयुक्त तत्वावधान में आज एक सभा आवश्यक वस्तु निगम, गोखले मार्ग लखनऊ में महासमिति के उपाध्यक्ष हबीब खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें उ प्र के अनेक सार्वजनिक निगमों में लाभ की होने के उपरान्त भी छठे वेतनमान के एरियर का भुगतान न किए जाने एवं कई वर्षो से घोषित मंहगाई भत्ते की किश्तों को लागू न किये जाने पर रोष व्यक्त करते हुए शीघ्र ही आन्दोलन करने की चेतावनी दी गई साथ ही ई पी एफ ओ द्वारा पेंशनरों की अधिक जमा धनराशि वापस न किये जाने का मुद्दा लोक अदालत में उठाने का निर्णय लिया गया। सभा में पेंशन के सम्बंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर केन्द्र सरकार द्वारा कोई दिशानिर्देश जारी न करने की आलोचना की गई। एन ए सी द्वारा न्यूनतम पेन्शन न बढ़ाने पर ''रास्ता रोको आन्दोलन'' के निर्णय का समर्थन कर पेंशनरों को संगठित करने पर जोर दिया गया ताकि देशभर में आन्दोलन को सफल बनाया जा सके। सभा का संचालन महासमिति के महामंत्री व एन ए सी के मुख्य समन्वयक राजीव भटनागर ने किया। सभा को सर्व श्री राज शेखर नागर, अध्यक्ष, दिनेश कुमार कुशवाहा, पी के श्रीवास्तव, अभिमन्यु सिंह, उमाकांत सिंह,आर सी मिश्रा, आर आर कन्नौजिया, शमसुल हासन सिद्दिकी,जमन सिंह अर्चना पांडे



आदि ने संबोधित किया। सभा में लखनऊ मुख्यालय सहित प्रदेश के अनेक जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## पी.एम.एस. विकास नगर में भव्य कार्निवल सफारी सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पायनियर मोटसरी स्कूल विकास नगर में प्रबंधक डॉ बृजेंद्र सिंह एवं शर्मिला सिंह जी के सानिध्य में प्रधानाचार्य डॉ अर्चना सिंह शिक्षक–शिक्षकों और विद्यार्थियों के सहयोग से भव्य कार्निवल सफारी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में डीसीपी सेंट्रल अपर्णा रजत कौशिक जी एवं श्री संजय सिंह जी एजीएम एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया का आगमन विद्यालय के लिए अति गौरव का विषय रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप दीप प्रज्वलन के बाद हुई गणेश वंदना से हुआ। विद्यार्थियों ने मोहक संगीत नृत्य कव्वाली और अभिनय के माध्यम से सभागार को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया सर्जिकल स्ट्राइक' कार्यक्रम देशभक्ति से सबको सराबोर करता हुआ अपने देश के प्रति सभी के मन में गौरव का भाव करता हुआ शहीदों एवं सेना के जवानों के प्रति वर्ग एवं सम्मान का भाव भरने वाला था। ऊंट और घोड़े की सवारी कर सब ने आनंद लेते हुए चटपटी चाट, भेलपुरी, चाय कोल्ड ड्रिंक आदि का आनंद लिया।



विभिन्न गेम स्टाल के बीच घूमते हुए लोगों ने लकी ड्रॉ के माध्यम से भाग्य आजमाने का अवसर का भी लाभ उठाने का प्रयास किया। नवोद वधू की तरह सजे विद्यालय प्रांगण की अति रमणीय थी तथा विद्यालय भवन मोहक सौंदर्य से आपूरीत था। सभी के चेहरे पर एक अनोखे उल्लास का भाव था।

## साहिब श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज का प्रकाशोत्सव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गुरुद्वारे में गूंजी गुरबाणी साहिबे कमाल साहिब श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के प्रकाशोत्सव पर ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरू नानक देव जी नाका हिंडोला में समागम प्रारंभ हो गए इस समागम में विशेष रुप से भाई कारज सिंह जी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब प्रचारक ज्ञानी हरनाम सिंह जी खालसा मुख्य ग्रंथी गुरूद्वारा सीस गंज दिल्ली वाले और भाई जगतार सिंह जी जम्मू वाले लखनऊ पहुंच चुके हैं। यह जानकारी कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने दी। इस अवसर पर शाम का समागम रहिरास साहिब के पाठ के बाद शुरू हुआ उसके बाद गुरुद्वारा नाका के हजूरी रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने आरती का गायन किया तत्पश्चात रागी जत्था भाई कारज सिंह जी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब जी ने गुरबाणी का शबद ''हम इहि काज जगत मो आऐ धरम हेत गुरदेव पठाए'' गायन कर संगत को निहाल किया। गुरमत प्रचारक ज्ञानी हरनाम सिंह जी मुख्य ग्रंथी गुरूद्वारा सीस गंज दिल्ली वालों ने साहिबे कमाल साहिब श्री गुरु



गोबिन्द सिंह जी महाराज के जीवन की ऐतिहासिक कथा संगत को सुनाई और उनके उपदेशों को श्रद्धालुओं को बताया। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा जी ने बताया कि 29 दिसम्बर 2022 को साहिबे कमाल साहिब श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के प्रकाशोत्सव डी. ए. वी. इंटर कालेज ऐशबाग रोड लखनऊ में मनाया जायेगा जो प्रातः 5.00 बजे से लेकर शाम के 4.30 बजे तक चलेगा जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के कई मंत्री गण और प्रशासनिक अधिकारी गुरु महाराज का आशीर्वाद लेने के लिए आएंगे श्रद्धालुओं के लिए लंगर की तैयारियां चल रही हैं।

## हरदोई मेला महोत्सव 2022 का आठवां दिन : काव्य पाठ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन : प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मेला महोत्सव के आठवें दिन स्थानीय नुमाईश मैदान में प्रथम सत्र में काव्यपाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागिता हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि अनमोल शुक्ला, मनीष कुमार मिश्रा व पवन कश्यप ने दीप प्रज्ज्वलन व मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने महोत्सव में सुदूर प्रदेशों से आए स्टॉल्स व मेले की साज सज्जा की तारीफ की। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रतिभागियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। अजीत शुक्ल के संयोजन में आयोजित काव्यपाठ प्रतियोगिता में 50 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक रचनाओं का पाठ किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका पवन कश्यप, मनीष कुमार मिश्रा व अनमोल शुक्ला ने निभाई। 3 बजे से शुरू हुए दूसरे सत्र में एलओसी स्कूल के विद्यार्थियों ने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। तत्पश्चात आयुषी अस्थाना व खुशबू टंडन के संयोजन में बेस्ट कपल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न राउंड्स से गुजरकर हुनर को प्रदर्शित किया। पहला राउंड इंट्रोडक्शन राउंड था जिसमें कपल्स ने खुद को इंट्रोड्यूस



किया। दूसरे राउंड में कपल्स को एक दूसरे से 1 मीटर की दूरी बनाकर एक दूसरे के गले में फेंककर माला पहनानी थी। तीसरे व अंतिम राउंड में पतियों को अखबार से आभूषण बनाकर अपनी पत्नियों को पहनाने थे। तीनों राउंड्स के प्रदर्शन के आधार पर सपना अमित दीक्षित को प्रथम, मुकुल मुस्कान सिंह को द्वितीय व नेहा बीएल सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णय तंदूरीवाला के संचालक अमिताभ शुक्ल व उनकी पत्नी श्वेता शुक्ला ने दिया। मुख्य आयोजक रवि किशोर गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन कुलदीप द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम के दौरान आयुषी रस्तोगी, मणिका गुप्ता, मनीष कुमार, अमित वर्मा, प्रीति साहनी, आँचल गुप्ता, अमन गौतम, शिवानी गौतम, प्रांजल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त सभी आवेदनों का ससमय निस्तारण करायें –मंगला प्रसाद सिंह

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला उद्योग अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी क्षेत्रों के उद्योग प्रतिनिधियों के साथ साप्ताहिक बैठक की जाए जो उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद करें ताकि अवस्थापना सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। यूपीसीडा को पिछले 3 वर्षों में इकट्ठा किये गए मेंटीनेंस शुल्क एवं अवस्थापना सुविधाओं पर खर्च किये गयी राशि का विवरण अगली बैठक में रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त सभी आवेदनों के ससमय निस्तारण करने को कहा। उन्होंने कहा कि शारदा नहर की शाहजहांपुर ब्रान्च से सम्बद्ध बरवन रजवाहा व सवायजपुर रजवाहा में सफाई करवाकर शीघ्र जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। 5 जनवरी तक कार्य अवश्य पूर्ण कर लिया जाए। हरदोई–पिहानी–चपरतला मार्ग पर ग्राम जतुली के पास सकरी पुलिया का चौड़ीकरण कराया जाए। जनवरी में जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट कराए जाने के निर्देश जिला उद्योग अधिकारी को दिए। बैंक उद्योगों को आगे बढ़ाने में नियमानुसार पूरा सहयोग करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश तिवारी, डीएफओ रविशंकर, जिला उद्योग अधिकारी सुनील त्रिपाठी, संबंधित अधिकारी व उद्योग प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल को बी०ए०एम०एस० कोर्स के संचालन हेतु एन०सी०आई०एस०एम० भारत सरकार द्वारा अनुमति प्रदान की गयी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल को बी०ए०एम०एस० कोर्स के संचालन हेतु एन०सी०आई०एस०एम० भारत सरकार द्वारा अनुमति प्रदान की गयी है। इस अवसर पर गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के चेयरमैन ई० महेश कुमार अग्रवाल द्वारा बताया गया कि हमारे कालेज को सत्र 2022–23 से बी०ए०एम०एस० कोर्स में 100 सीटों के प्रवेश की अनुमति एन०सी०आई०एस०एम० भारत सरकार द्वारा प्रदान कर दी गयी है। प्रवेश केंद्र और राज्य सरकार की नीति के अनुसार नीट काउंसलिंग 2022–23 के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बहुत खुशी के साथ साझा किया कि यह उत्तर प्रदेश में इस सत्र के लिए किसी भी नए आयुर्वेद कॉलेज के लिए अनुमति का पहला पत्र है। इस अवसर पर उन्होने कालेज एवं अस्पताल के प्रधानाचार्य, शिक्षक, चिकित्सक एवं स्टाफ को बधाई देते हुये धन्यवाद दिया।

## चैतन्य वेलफेयर फाउंडेशन ने 25 लोगों को अन्न पूरक सम्मान से किया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। चैतन्य वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित सीता रसोई लखनऊ भोजन सेवा का प्रोत्साहन वर्धन एवं अन्न पूरक सम्मान 2022 का आयोजन दिनांक 28 दिसंबर 2022 को भाउराव देवरस सिविल अस्पताल महानगर के इमरजेंसी गेट के बाहर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ नीरज बोरा, वरिष्ठ समाजसेवीका बिंदु बोरा, पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश सुलखान सिंह, एसीपी जया शांडिल्य की गरिमामय उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथियों में भाऊराव देवरस के सीएमएस डॉ आर सी सिंह, साईं हॉस्पिटल के डॉक्टर संदीप मौर्य, डॉक्टर पीके मिश्रा उपस्थित रहे। चौतन्य वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्षा ओम सिंह ने बताया पिछले 10 महीनों से,सिविल अस्पताल के बाहर सीता रसोई चल रही है। बहुत से सहयोगियों ने सीता रसोई में अपना सहयोग दिया उन्हीं को अन्न पूरक सम्मान के द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में राजकुमार यादव, ध्रुव खरे, रोहित गुप्ता, अरुण कुमार सिंह, रीना मलिक, कनक वर्मा, सुधा चौधरी, सरिता चौधरी, कुसुम वर्मा ,रागिनी दीक्षित ,स्वाति शर्मा, श्वेता चावला, स्वाति अहलूवालिया, विजय कुमार भल्ला, डॉ पवन कुमार



मिश्रा, शरद मल्होत्रा, ओपी सिंह, पंकज द्विवेदी, मनोज सिंह चौहान, मुकेश सिंह, कामरान खान, दिवाकर अवस्थी ,अखिलेश कुमार, विवेक पांडे, राधा बिष्ट रहे। 25 लोगो को अन्न पूरक सम्मान 2022 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने अपने हाथों से लोगों को खाना खिलाया। सुलखान सिंह एवं जया शांडिल्य ने अस्पताल के स्टाफ को कंबल वितरित किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष विवेक पांडे ने बताया कि संस्था आगे भी ये भोजन सेवा चलाती रहेगी जिसमे अस्पताल आने वाले भूखे प्यासे मरीजों और उनके तीमारदारों को भरपेट भोजन मिल पाए।

## लोकबंधु चिकित्सालय में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी का आज लगेगा कैंप

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लोक बंधु राज नारायण सयुंक्त चिकित्सालय लखनऊ का 12 वाँ स्थापना दिवस दिनांक 30 दिसंबर 2022 के ओपीडी प्रांगण में भव्य समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है इसी के क्रम में दिनांक 29.12.2022 को चिकित्सालय में ही एक लेप्रोस्कोपिक सर्जरी का कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एस के सक्सेना जी ने बताया इससे अस्पताल के इतिहास में प्रथम बार लेप्रोस्कोपिक सर्जरी का अध्याय जुड़ने जा रहा है इस कैंप में पित्त की थैली की पथरी, गर्भाशय की रसौली के ऑपरेशन लेप्रोस्कोपिक विधि से किया जायेगा मरीज ऑपरेशन के दूसरे या तीसरे दिन ही डिस्चार्ज किये जा सकेगे। निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक डॉ दीपा त्यागी के कुशल निर्देशन एवं प्रशासनिक नेतृत्व के कारण ही लेप्रोस्कोपिक उपकरणों को संपूर्ण उत्तर प्रदेश के राजकीय चिकित्सालय से खोज कर हमीरपुर से लाया गया जो की पूर्ण रूप से क्रियाशील अवस्था में नहीं था ,प्रबल इच्छा शक्ति से सभी प्रकार के उपकरणों को सही कराकर क्रियाशील किया गया ताकि इसे प्रयोग में लाया जा सका। निदेशक प्रमुख अधीक्षक डॉक्टर दीपा त्यागी जी ने बताया कि अस्पताल में लेप्रोस्कोपी सर्जरी के लिए लोक बन्धु चिकित्सालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एवं प्रदेश भर के शल्य चिकित्सकों को प्रशिक्षण देने के लिए केंद्र बनाने के लिए दृढ़ संकल्प रखते हुए उन्होंने इस क्रम में प्रयास शुरू कर दिये हैं आरंभ में अस्पताल में उपलब्ध शल्य चिकित्सकों को प्रशिक्षण के लिये उच्च संस्थानों में भेजा जायेगा तब तक के लिये लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के लिये उच्च संस्थानों से सर्जरी के लिये शल्य चिकित्सकों के लिये अनुरोध किया जायेगा ताकि जनमानस को इसका त्वरित लाभ मिल सके। डॉक्टर अजय शंकर त्रिपाठी चिकित्सा अधीक्षक जी ने बताया कि यह अस्पताल 2010 में स्थापित हुआ था तब से लेकर अभी तक यह अस्पताल नित नए आयाम स्थापित कर रहा है लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के साथ.साथ शीघ्र ही यहां ब्लड बैंक की स्थापना जल्द हो रही है , और जल्द ही कार्डियोलॉजिस्ट एवं इको कार्डियोग्राफी की व्यवस्था भी होने जा रही है वर्तमान में स्त्री रोग विभाग अपनी पूरी क्षमता से कार्य कर रहा है और इसमें प्रति माह लगभग 350 नॉर्मल डिलीवरी और 200 गायनीकोलॉजिकल सर्जरी हो रहे हैं इस वर्ष चिकित्सालय में इतने 378493 ओपीडी, 13750 आई पी डी एवं 2500 ऑपरेशन किये जा चुके हैं अस्पताल का प्रशासन लगातार विकास के गुणवत्ता मानकों के प्रति खरा उतरने के समर्पित रहता है और अब प्रदेश के सबसे प्रतिष्ठित चिकित्सालयों में इसे जाना जाता है। वर्ष 2022 में चिकित्सालय ने भारत सरकार द्वारा चिकित्सीय गुणवत्ता अश्वासन हेतु एन क्यू ए एस एवं लक्ष्य इनिशिएटिव को उच्चतम स्कोर से सर्टिफाइड कराया एवं कायाकल्प अवार्ड योजना के तहत प्रदेश भर में सयुंक्त चिकित्सालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पैथोलॉजी विभाग का उच्चीकरण किया गया और एन ए बी एल 15189 का सर्टिफिकेशन भी कराया गया। पैथोलॉजी विभाग में थ्छ।ब् की भी शुरुआत हुई। सी टी मशीन के सुविधा के शुरु होने से जन मानस को लाभ मिलना शुरू हो गया हैं वर्ष 2022 में पार्किंग एरिया में नवग्रह एवं नक्षत्र वाटिका डॉक्टर्स डे के शुभ अवसर पर बनाया गया , रेन बसेरा एवं प्रशासनिक भवन को बनने के कार्य का भी सुभारम्भ किया गया , रेडियोलोजी विभाग में प्रेग्नेन्सी के दौरान शिशु के विकास के दौरान विकृत को पहचानने के अति महत्वपूर्ण जांच टिफा स्कैन के शुरुआत की गयी। वर्ष 2023 में लोक बंधु राज नारायण सयुंक्त चिकित्सालय अपनी विकास की छवि को बनाये रखने के लिये लक्ष्य निर्धारित किये है सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक बनाया जाना 15 वित्तीय आयोग के तहत विश्व स्तर के इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब बनाने का प्रावधान है इससे भविष्य में होने वाले महामारी ,संक्रमण की राष्ट्रीय स्तर पर जांचे की जा सकेगी और बीमारियों को फैलने से बचाया जा सकेगा। ई0सी0आर0पी0 के तहत चिकित्सालय के उच्चीकरण के लिये 42 शैय्या का एच0डी0यू0 का प्रावधान किया गया। चिकिसालय को 500 शैय्या तक बढ़ाएं जाने का लक्ष्य है जिसे विशिष्ट चिकित्सा सुविधाएं शामिल की जायेगी। चिकित्सालय में फेको विधि से कैटरेक्ट सर्जरी विधि से ऑपरेशन के सुविधा की जा जायेगी।

# पुलिस से बेखौफ चोरों का कारनामा जारी : फिर एक घर को बनाया निशाना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र में इस समय हो रहे ताबड़तोड़ चोरियों से दहशत का माहौल बन चुका है, और पुलिस कुंभकरण की नींद सो रही है। लगातार चोरी की घटना को अंजाम दे रहे बेखौफ चोरों ने थाना क्षेत्र के तरसंड गांव में एक बंद घर को अपना निशाना बनाया तथा दरवाजे की कुंडी तोड़कर अलमारी में रखे कीमती जेवर कपड़े और बर्तन उठा ले गए। तरसंड गांव निवासी जीत बहादुर सिंह अपने परिवार सहित किसी कार्य से दिल्ली गए हुए हैं। जिसकी वजह से उनका घर बंद पड़ा हुआ था। मंगलवार की रात किसी समय चोर दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में दाखिल हो गए और अलमारी तोड़कर दो सोने का मंगलसूत्र, एक सोने का हार, दो सोने की चेन जिसकी कीमत लाखों में है तथा साड़ी कपड़े व बर्तन इत्यादि उठा ले गए। सुबह पड़ोसियों की नजर टूटे दरवाजे पर पड़ी तो घटना का पता चला। पड़ोसी मोनू सिंह ने थाने पर तहरीर दिया है। मोनू सिंह के मुताबिक चोरी की गई गहनों की कीमत लगभग चार लाख तक कि है। मौके पर खुद एसओ गौराबादशाहपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह व एसआई रमाशंकर पांडे जाकर जांच पड़ताल में जुटे रहे। विदित हो कि अभी बीते रविवार की रात में थाना क्षेत्र के कबीरुद्दीनपुर गांव में एक ही रात में चार लोगों के घर पर धावा बोलकर चोरों ने लाखों के गहनों को उड़ा दिया था। जिसका 72 घण्टे बाद भी पुलिस कोई सुराग नही लगा सकी। लगातार हो रही चोरियो से जहां क्षेत्र के लोगो में भय व्याप्त है वही पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी उंगली उठ रहा है। इस मामले में पूछे जाने पर एसओ गौराबादशाहपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि तहरीर मिल गई है। मौके पर जाकर जांच किया गया है। कुछ संदिग्धों को थाने पर ले जाकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही इन चोरियों को अंजाम देने वाले चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# ग्राम प्रधान द्वारा सार्वजनिक स्थान पर सीएससी केन्द्र का निर्माण न कराने से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के मलेथू गांव के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के मनमानी से आजिज होकर किए प्रदर्शन प्रधान व उनके सहयोगियों पर सार्वजनिक हीतों का अनदेखा करने व दबंगई करने का लगाया आरोप। जानकारी के अनुसार सुरेरी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मलेथू के ग्रामीण प्रभात यादव व महेष यादव के नेतृत्व में बुधवार की दोपहर बाद गांव में स्थित पंचायत भवन के समीप इकट्ठा होकर ग्राम प्रधान रमाशंकर गौतम के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे ग्रामीणों का आरोप था कि ग्राम प्रधान रमाशंकर गौतम गांव में बनने वाले सीएससी केन्द्र को सार्वजनिक हीतों का अनदेखा कर सार्वजनिक स्थान के बजाय गॉव में स्थित एक बस्ती में बनवा रहे हैं ग्रामीणों ने बताया प्रधान द्वारा सीएससी केंद्र सार्वजनिक स्थान पर निर्माण कराया जाता तो गांव के सभी लोग सीएससी केंद्र पर मिलने वाले लाभ आसानी से प्राप्त कर सकते लेकिन प्रधान द्वारा सीएससी केंद्र का निर्माण गांव की एक बस्ती में कराकर सार्वजनिक हितों का अनदेखा किया जा रहा है । जिसकी शिकायत मलेथू के ग्रामीणों द्वारा खंड विकास अधिकारी रिचा सिंह से की गई थी। शिकायत के बाद भी ग्राम प्रधान रमाशंकर गौतम व उनके मनबढ़ बेटे विजय, संतोष व मनीष अपने कुछ सहयोगियों संग जबरदस्ती सीएससी केंद्र का निर्माण कार्य बुधवार को शुरू करा दिया जैसे ही पुनः निर्माण कार्य शुरू होने की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो ग्रामीण आग बबूला हो गये व ग्राम पंचायत में स्थित पंचायत भवन के सामने इकट्ठा होकर ग्राम प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे प्रदर्शन करने वालो में मुख्य रूप से राम श्रृंगार गिरी, रवि गिरी, सुनील यादव, भुवाल गुप्ता, राहुल प्रजापति, बाबा यादव राम सागर,अर्जुन,रामा गिरी,संजय गिरी,कुंदन, कृपा,बीरेंद्र आदि रहे। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी रामपुर रिचा सिंह ने बताया मामले की जांच कराई जाएगी।

# साप्ताहिक खाद्य उद्योग मेले से लाभान्वित हो रहें हैं उद्यमी

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : भारत सरकार द्वारा संचालित आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आम जनमानस को खाद्य प्रसंस्करण से सम्बंधित उद्योगो को स्थापित करने एवं पहले से चल रहे उद्योगो के उन्नयन के लिए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, जौनपुर तथा युवाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था रोट्रैक्ट क्लब जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में कृषि भवन परिसर स्थित लोहिया पर्यावरणीय पार्क में तीसरे खाद्य उद्योग मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न तहसीलों के किसान, प्रतिष्ठित उद्यमी, युवा सम्मिलित हुए। सचिव पीएमएफएमई जौनपुर श्रीमती ममता सिंह यादव द्वारा लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि एक जिला एक उत्पाद के तहत जौनपुर को दुग्ध उद्योग के लिए चुना गया है, दुग्ध उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को वरीयता दी जा रही है, अब तक जिले से 20 उद्यमियों की फाइल विभाग द्वारा अग्रसारित की जा चुकी है, आप अपनी सुविधानुसार इस योगना के तहत नवीन उद्योगो की स्थापना एवं उद्योगो का उन्नयन कर सकते हैं । रोट्रैक्ट क्लब अध्यक्ष कुँवर शेखर गुप्ता ने उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि खाद्यान उत्पाद आधारित व्यवसाय कभी भी घाटे में नही रहता है, हमेशा लाभ देते रहते हैं, इस योजना का लाभ लेकर किसान भी अपने फसल का प्रसंस्करण करके नये– नये उत्पाद का सृजन कर सकते हैं और अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ सुरेन्द्र सोनकर कृषि वैज्ञानिक ने आगंतुको को तकनीकी जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन रोट्रैक्ट क्लब जौनपुर के सचिव कुलदीप योगी द्वारा किया गया। इस अवसर पर रोट्रैक्ट क्लब अध्यक्ष कुँवर




शेखर गुप्ता, सचिव कुलदीप योगी, कोषाध्यक्ष अनन्या गुप्ता, शशिकांत, अरशद अली, प्रतीक यादव, दिव्या पाल, उद्यान विभाग से उद्यान निरीक्षक रविन्द्र सिंह, अरविंद कुमार सिंह, भोला प्रजापति, वंशराज प्रजापति, सुभाष सिंह, अंशुल चतुर्वेदी, पंकज सिंह, पीयूष सिंह, विष्णु गौड़, आदित्य मौर्य, पत्रकार विद्याधर राय विद्यार्थी समेत सैकड़ो उद्यमी उपस्थित रहे। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा यह सूचित किया गया कि रोट्रैक्ट क्लब जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने तथा उन्हे जागरुक करने के लिए ऐसे कार्यशाला का आयोजन प्रत्येक बृहस्पतिवार को लोहिया पर्यावरणीय पार्क में किया जाएगा, जिसमें दुग्ध उद्योग से साथ – साथ बेकरी से सम्बन्धित, दलहन एवं तिलहन उद्योग, पशु एवं मुर्गी चारा उद्योग, फल आधारित उत्पाद उद्योग, हर्बल उत्पाद उद्योग, मशरूम उत्पादन, मसाला आधारित उद्योग, आचार मुरब्बा सिरका उद्योग सहित बीस अन्य उद्योगो की स्थापना एवं उन्नयन के लिए सरकार द्वारा विशेष सब्सिडी प्रदान की जा रही है, उक्त योजना के बारे में विस्तार से जानने के लिए इच्छुक लाभार्थी जिला उद्यान विभाग के आफिस अथवा रोट्रैक्ट क्लब के ऑफिस में सम्पर्क कर सकते हैं।

# विद्युत विभाग की टीम ने की वसूली : कटिया धारकों में मचा हड़कंप

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई): विद्युत विभाग की टीम ने गुरुवार को नगर के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर कनेक्शन धारकों से बिजली बिल की बकाया रकम वसूली साथ ही वैध कनेक्शन होने की जानकारी ली,वहीं विभाग की टीम ने अधिक बिल बकाया होने पर पोल से कनेक्शन काट दिये। कहा कि बिल का भुगतान हो जाने के बाद पुनः कनेक्शन जोड़ दिया जायेगा। यदि किसी भी व्यक्ति ने बिना बिल का भुगतान किये केबिल जोड़कर बिजली सप्लाई लेने का प्रयास किया तो उस व्यक्ति पर विभाग कानूनी कार्यवाही करेगा। विद्युत विभाग की टीम देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। कई बिजली कनेक्शन धारकों ने बिजली विभाग की टीम से नियमित बिजली न मिलने की शिकायत की। सुबह बिजली काटे जाने से लोगों को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बिजली की बार–बार आंख मिचोली बंद होनी



चाहिए। बिजली विभाग की टीम ने बिजली कनेक्शन धारकों से अपील करते हुए कहा कि अपने बिल का समय से भुगतान करें, जिससे विभाग की योजनाओं का लोगों को लाभ मिल सके। इस मौके पर सुशील कुमार, प्रदीप कुमार लीडर, संजय कुमार लीडर, श्रीपाल, राम अवतार, एजाज, मोहित, अभिषेक कुमार, देवेंद्र आदि लोग टीम में शामिल रहे।

# अज्ञात युवती का मिला शव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के रयां ग्राम सभा के पास झरने पर एक अज्ञात 28 वर्षीय महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात महिला के शव की सूचना ग्राम प्रधान द्वारा थाने को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को थाने पर ले आई शव से दुर्गंध आ रही थी लाश सड़ चुकी थी। पहचान हो पाना संभव नहीं लग रहा था। पुलिस वैधानिक कार्यवाही को पूरा कर शव को अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

# गैर इरादतन हत्या के आरोप में दो नामजद सहित तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के दुगौली खुर्द की एक विवाहिता ने अपने पति को जान से मारने के आरोप में दो नामजद सहित तीन अज्ञात पर मंगलवार को केस दर्ज कराया है। उक्त गांव निवासिनी रानी सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि मेरे पति अखिलेश सिंह (29) को 12 दिसम्बर सायं चार बजे खेत की सिंचाई को लेकर नरेंद्र सिंह, उनके पुत्र अंशुमान सिंह ऊर्फ गोलू तथा तीन अज्ञात व्यक्तियों ने मारपीटकर घायल कर दिया। इसके बाद इलाज हेतु ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। उनके शव को साक्ष्य मिटाने के लिए ले जाकर जला दिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# जिला चिकित्सालय में कार्यरत होंगे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुख्य चिकित्साधिकारी डा० लक्ष्मी सिंह द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगराबादशाहपुर में कार्यरत चिकित्साधिकारी डा० अभय सिंह की योग्यता एवं विशेषज्ञता को दृष्टिगत रखते हुए सप्ताह के दो दिन मंगलवार एवं शुक्रवार को अमर शहीद उमानाथ सिंह जिला चिकित्सालय से सम्बद्ध किया है। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि मुंगराबादशाहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर नियुक्त चिकित्साधिकारी डा० अभय सिंह एम डी रेडिएशन आन्कोलाजी (कैंसर विशेषज्ञ) की योग्यता एवं विशेषज्ञता को दृष्टिगत रखते हुए सप्ताह के दो दिन प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को अमर शहीद उमानाथ सिंह जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशन में चिकित्सकीय कार्य करेंगे तथा अन्य दिनों अपने तैनाती स्थल मुंगराबादशाहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अपना चिकित्सकीय कार्य करेंगे।

# न्यू ईयर पार्टी के लिए लेनी होगी पुलिस की अनुमति तभी मचा सकेंगे धमाल

लखनऊ ब्यूरो : नए साल पर यदि पार्टी आयोजित करनी है तो इसके लिए पहले पुलिस की अनुमति जरूरी होगी। इसके बाद ही आबकारी विभाग



पार्टी में शराब की बिक्री के लिए अस्थायी बार का लाइसेंस देगा। जिला आबकारी अधिकारी सुशील कुमार मिश्रा का कहना है कि पुलिस आयुक्त के साथ हुई संयुक्त बैठक में यह निर्णय लिया गया है। अस्थायी बार का उनको ही लाइसेंस दिया जा रहा है, जिन्होंने आवेदन के साथ पुलिस से अनुमति प्राप्त होने का पत्र लगाया है। इसके बारे में सभी होटल, रेस्त्रां, मैरिज लॉन, इवेंट ऑर्गनाइजर्स या व्यक्तिगत रूप से पार्टियां कराने वाले लोगों को भी सूचना दी जा रही है कि पहले पुलिस की अनुमति ले लें। पुलिस भी अनुमति देने के समय ही निगरानी के लिए अपनी टीमों को लगा रही है। इन पुलिस टीम का काम अनुमति दिए जाने वाले स्थल की निगरानी कर वहां किसी भी बवाल की आशंका को खत्म कराना होगा।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के सौजन्य से धुरु का पुरवा जुग्गौर, चिनहट,लखनऊ में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण टीम द्वारा





रोगियों को निशुल्क औषधि वितरण ,समाज में कोरोना से बचाव एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया इस मौके पर गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर आलोक मिश्रा स्वास्थ्य टीम में पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ गौरव सिन्हा,डॉ अरविंद सक्सेना, स्टाफ नर्स श्रीमती प्रियंका राय, कुमारी शिल्पी सिंह, धीरज श्रीवास्तव अंकित अमन उपस्थित थे प्रिंसिपल डॉ अविनाश श्रीवास्तव एवं चेयरमैन इंजीनियर महेश गोयल ने स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन हेतु चिकित्सा कर्मियों को बधाई दी।

# छत्तीसगढ़ जा रही बस अनियंत्रित होकर पानी भरे खड्ड में गिरी : 20 यात्री जख्मी

सीतापुर ब्यूरो : सीतापुर जिले के थाना रेउसा इलाके में बुधवार देर रात 50 यात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गई। खड्ड में पानी भरा हुआ था। हादसे में करीब 20 लोग जख्मी हो गए जिनमें से 6 लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। तबौर के भिठलाकला गांव के लोग छत्तीसगढ़ मजदूरी करने के लिए एक निजी बस से जा रहे थे। बुधवार देर रात निजी बस थाना रेउसा के खुरवलिया के निकट पहुंची तभी सामने से आ रहे एक वाहन से बचने के चक्कर में बस अनियंत्रित होकर पुलिया को पार करती हुए खड्ड में जा गिरी। यात्री किसी तरीके से बस से बाहर निकले और पुलिस को मामले की जानकारी दी। देर रात ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निकालकर सीएचसी में भर्ती कराया जहां से 6 लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। एसओ मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि किसी भी यात्री को अत्यधिक गंभीर चोट नहीं आई है। यह लोग छत्तीसगढ़ मजदूरी करने जा रहे थे। सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

# बदलाव का ट्रेंडः दिल नहीं अब गठिया पेट और रुधिर रोग विशेषज्ञ बनने की होड़

लखनऊ ब्यूरो : गठिया, पेट और खून की बीमारियां बढ़ने का असर टॉपर्स के ब्रांच के चयन में भी देखने को मिल रहा है। मेधावी अब दिल के बजाय गठिया, पेट और खून संबंधी बीमारियों का सुपर स्पेशियलिस्ट बनने की ओर रुख कर रहे हैं। हाल ही में हुए दाखिलों में यह बड़ा बदलाव देखने को मिला है। केजीएमयू में प्रवेश लेने वाले टॉप–12 विद्यार्थियों ने इन्हीं तीन ब्रांच का चयन किया है। देशभर के चिकित्सा संस्थानों में एमबीबीएस, पीजी के साथ सुपर स्पेशियलिस्ट (डीएम–एमसीएच) पाठ्यक्रमों के दाखिले नेशनल एलिजबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) के माध्यम से लिए जाते हैं। इसकी मेरिट और अभ्यर्थियों के विकल्प के हिसाब से ब्रांच आवंटित की जाती है। ऐसे में अच्छी रैंक वाले अभ्यर्थियों को उनका पहला विकल्प और बाद वाले अभ्यर्थियों को बची सीट से समझौता करना पड़ता है। पिछले कई सालों से कार्डियोलॉजी सुपर स्पेशियलिस्ट कोर्स मेधावियों की पहली पसंद थी। अब इसमें काफी बदलाव आ गया है। केजीएमयू में इस साल सुपर स्पेशियलिटी में दाखिला लेने वाला शीर्ष विद्यार्थी नीट की राष्ट्रीय स्तर की मेरिट में 124वें स्थान पर है। इसने क्लीनिकल इम्युनोलॉजी एंड रुमेटोलॉजी में प्रवेश लिया है। 127वीं रैंक के दूसरे टॉपर ने मेडिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी को चुना है। इसके बाद अगले आठ स्थानों पर आने वालों में से चार ने क्लीनिकल इम्युनोलॉजी एंड रुमेटोलॉजी और बाकी ने मेडिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी का विकल्प चुना है। इसके बाद अगले दो स्थान के अभ्यर्थियों ने क्लीनिकल हिमेटोलॉजी में दाखिला लिया है। न्यूरोलॉजी, कॉर्डियोलॉजी



के बाद क्रिटिकल केयर का नंबर क्लीनिकल इम्युनोलॉजी एंड रुमेटोलॉजी, मेडिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी और क्लीनिकल हिमेटोलॉजी में दाखिला न मिलने पर मेडिकल के टॉपर न्यूरोलॉजी, कॉर्डियोलॉजी और क्रिटिकल केयर की ओर जा रहे हैं। शीर्ष 12 के बाद अगले 30 विद्यार्थियों ने इन्हीं तीन ब्रांच में से किसी एक का चयन किया है। सर्जरी के क्षेत्र में भी गैस्टो सर्जरी टॉप पर है। केजीएमयू में एमसीएच में दाखिला लेने वाले टॉपर इसी विभाग के हैं। पीडियाट्रिक क्षेत्र में पीडियाट्रिक ऑर्थो, साइकिएट्री में जीरियाट्रिक मेंटल हेल्थ भी टॉपर्स की पसंद है। डिमांड अनुसार ब्रांच चुनते हैं छात्र केजीएमयू शिक्षक संघ के महासचिव प्रो. संतोष कुमार इस बदलाव पर कहते हैं, स्टूडेंट पसंद और डिमांड के आधार पर सुपर स्पेशियलिस्ट ब्रांच का चयन करते हैं। हाल के दिनों में क्लीनिकल इम्युनोलॉजी एंड रुमेटोलॉजी, मेडिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी और क्लीनिकल हिमेटोलॉजी में ज्यादा अवसर देखे गए हैं। इस फील्ड के विशेषज्ञों की संख्या भी कम है। संभवतः इसी वजह से टॉपर्स इन फील्ड की ओर बढ़ रहे हैं।

# महाकुंभ की दीर्घकालिक परियोजनाओं पर आज मुहर लगने के आसार

प्रयागराज ब्यूरो : महाकुंभ की दीर्घकालिक परियोजनाओं के प्रस्तावों को बृहस्पतिवार को मंजूरी मिलने के आसार हैं। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में गठित एपेक्स कमेटी की बैठक में 150 से अधिक दीर्घकालीन परियोजनाओं के लिए ढाई हजार करोड़ रुपये के बजट प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। कमेटी के समक्ष चर्चा के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति इन परियोजनाओं पर स्वीकृति प्रदान कर सकती है। इसके बाद नए वर्ष में निर्माण कार्य आरंभ करा दिए जाएंगे। अफसरों के मुताबिक अक्तूबर 2024 तक इन परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। दीर्घकालिक कार्यों में 13 नई सेतु परियोजनाएं शामिल हैं। सेतु निगम की ओर से प्रस्तुत इन परियोजनाओं के अलावा जनपद में पर्यटन के दृष्टिकोण से कर्जन ब्रिज पर म्यूजियम, कुंभ की गरिमा को दर्शाने के लिए अरैल में डिजिटल कुंभ म्यूजियम के अलावा संगम पर अरैल से ही रोपवे के ड्रीम प्रोजेक्ट को भी शुरू करने के प्रस्तावों पर चर्चा होगी। साथ ही दशाश्वमेध घाट समेत 18 घाटों को पक्का करने के साथ ही द्वादश माधव और पंचकोशी परिक्रमा को पर्यटन से जोड़ने की परियोजना के अलावा मनसइता नाले पर स्थायी पुलिया बनाने का प्रस्ताव भी इसमें शामिल है। रायबरेली से प्रयागराज मार्ग को फोर लेन बनाने, बम्हरौली एयरपोर्ट का विस्तार



और त्रिवेणी पुष्प के जीर्णोद्धार की योजना पर भी चर्चा होगी। महाकुंभ के लिए प्रस्तावित इन दीर्घकालिक परियोजनाओं पर जनवरी–2023 से ही काम शुरू कराने की तैयारी है। मंडलायुक्त, कुंभ मेलाधिकारी प्रस्तुत करेंगे परियोजनाओं का खाका एपेक्स कमेटी की बैठक में हिस्सा लेने के लिए मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत के अलावा एडीएम कुंभ मेला दयानंद प्रसाद और विवेक चतुर्वेदी लखनऊ जाएंगे। कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद दीर्घकालिक परियोजनाओं के प्रस्तावों को एपेक्स कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। शीर्ष कमेटी के समक्ष महाकुंभ की दीर्घकालिक परियोजनाओं की स्वीकृति पर चर्चा के साथ ही रेलवे और एनएचएआई के अफसरों के साथ भी अलग–अलग परियोजनाओं पर चर्चा की जाएगी। स्वीकृति मिलने के बाद कार्य आरंभ करा दिए जाएंगे।

# बीएफ–7 की गंभीरता कम : फिर चीन में क्यों बिगड़े हालात? एक रिपोर्ट ने कई देशों की बढ़ा दी चिंता

नई दिल्ली एजेंसी : चीन में कोरोना संक्रमण के अचानक बढ़े मामले वैश्विक चिंता का कारण बने हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हालिया रिपोर्ट में सभी देशों को अलर्ट करते हुए बचाव के उपायों को तेज करने की सलाह दी है। चीन में कोरोना के संक्रमण के लिए अति–संक्रामक ओमिक्रॉन बीएफ–7 वैरिएंट को प्रमुख कारण माना जा रहा है। शोध बताते हैं कि इस वैरिएंट की संक्रामकता दर भले ही अधिक है पर इससे गंभीर रोग का खतरा कम है। ऐसे में बड़ा सवाल उठता है कि फिर चीन में इतनी तेजी से हालात गंभीर रूप क्यों लेते जा रहे हैं? हल्के लक्षणों वाला यह वैरिएंट चीन में इतना गंभीर क्यों साबित हो रहा है? इस सवाल को लेकर विशेषज्ञों की टीम ने बड़ा दावा किया है। तिब्बत प्रेस का बड़ा खुलासा इस संबंध में तिब्बत प्रेस ने बड़ा खुलासा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन के लोगों को दी गई वैक्सीन की प्रभावशीलता काफी कम देखी जा रही है, इस वजह से यहां संक्रमण की स्थिति में ओमिक्रॉन जैसे हल्के वैरिएंट के कारण भी लोगों को गंभीर जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल चीन में ज्यादातर संक्रमितों में निम्न स्तर की एंटीबॉडीज देखी जी रही है, इसके कारण यहां न सिर्फ संक्रमण का खतरा बढ़ा है साथ ही लोगों में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं भी देखी जा रही है। विशेषज्ञों ने चेताया है कि जिन देशों ने चीन की वैक्सीन को अपने यहां प्रयोग किया है उन्हें भी अलर्ट रहने और लोगों की प्रतिरक्षा बढ़ाने के लिए उपाय करने की आवश्यकता है। चीनी टीकों की प्रभावशीलता बेहद कम, साइड इफेक्ट्स का भी जोखिम तिब्बत प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है, चीनी टीकों की प्रभावशीलता कम



होने के कारण यहां लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम देखी जा रही है, यही कारण है कि यहां संक्रमण इतनी गंभीर रूप ले रहा है। जिन देशों में चीनी टीके लगाए गए हैं, वहां के लोगों की भी प्रतिरक्षा पर प्रश्नचिन्ह है, वहां भी संक्रमण की स्थिति में गंभीर रोगों का खतरा हो सकता है। इस तरह के जोखिमों को ध्यान में रखते हुए सरकारों को टीकाकरण को लेकर फिर से विचार करने और लोगों को प्रभावी बूस्टर डोज लगवाने पर जोर देना चाहिए। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि लोगों ने चीनी वैक्सीन से गंभीर साइड–इफेक्ट्स का भी अनुभव किया है, जो भी एक खतरे की तरफ इशारा करती है। किन देशों ने आयात किए थे टीके मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इंडोनेशिया, तुर्किस्तान, ब्राजील, ईरान, पाकिस्तान, कोलंबिया, श्रीलंका, चिली, मैक्सिको, बांग्लादेश ने चीनी वैक्सीन आयात किए थे। दिसंबर 2020 में, इंडोनेशिया और ब्राजील ने शुरुआत में चीनी वैक्सीन की प्रभाविकता 78–97 फीसदी होने का भी दावा भी किया था। हालांकि अब चीन में बिगड़ते हालात को देखते हुए तुर्की सरकार ने इन टीकों की प्रभावशीलता की जांच शुरू कर दी है। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि चीन ने अपने वैक्सीन से होने वाले साइड–इफेक्ट्स को छिपाने के लिए डेटा टेम्परिंग भी की है, इस तरह के मामले सामने आने के बाद वैक्सीन आयात करने वाले देशों ने नए सिरे से इसकी प्रभावशीलता की जांच शुरू कर दी है।

# ब्लाक तारुन में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विकास खण्ड तारुन में बीईओ सत्यप्रकाश सिंह के निर्देशन और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि फयाराम वर्मा की अध्यक्षता में एक दिवसीय हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव गीता महाविद्यालय जयसिंघमऊ में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का मुख्य अतिथि द्वारा शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया।एसआरजी डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी ने तीन से छह वर्ष के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी जिम्मेदारों को अपनी सक्रिय भूमिका निभाने हेतु जागरूक करने के दृष्टिगत कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री, शिक्षक व अभिभावक विद्यालय प्रबंध समिति के जिम्मेदार इस दिशा में अवश्य सार्थक पहल करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षकों की है, उतनी ही नामांकन व नियमित उपस्थिति का ध्यान रखने की जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है।बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए जिससे कि उनके मानसिक क्षमता का विकास हो तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहें।खण्ड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के अंतर्गत कई प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं।राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत परिषदीय स्कूलों में बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग की ओर से नौनिहालों को शिक्षा से जोड़ने की पहल की गई है। अभिभावकों को पूर्व प्राथमिक एवं बुनियादी शिक्षा में उनकी एवं घर की भूमिका से अवगत कराया गया।एआरपी डॉ रजनीरंजन जायसवाल ने बताया निपुण भारत मिशन में आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता पर बल दिया जा रहा है,जिससे उनकी बुनियादी शिक्षा मजबूत हो।निपुण मिशन के तहत बाल वाटिका से कक्षा–3 में पढ़ने वाले बच्चों को वर्ष 2025 तक बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता में निपुण बनाना है। उन्होंने निपुण विद्यालय के लक्ष्य को प्राप्त करने की कार्ययोजना विस्तारपूर्वक बताई। एआरपी संतोष कुमार ने बताया कि चहक



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों का उन्मुखीकरण करना और उन्हें अपने विद्यालय में बच्चो का दाखिला करवाने के लिए प्रेरित करना है और यह भी बताना है कि हमारे विद्यालय में वातावरण बच्चो के अनुकूल है और बच्चो के सिखाने के लिए हर संभव सामग्री और सुविधाएं मौजूद है, इसके अंतर्गत चहक, स्कूल रेडीनेस–बाल वाटिका कार्यक्रम की उपयोगिता से अभिभावकों को जागरूक करने के उद्देश्य से चहक कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित गया और यह चहक चरण दो का आयोजन आज तारून बी आर सी द्वारा किया जा रहा है ताकि संबंधित हितधारकों को जागरूक किया जा सके। समस्त ए आर पी ने चेतना गीत– एक जतन और अभी एक जतन और के माध्यम से सभी उपस्थित को प्रेरित किया। इस अवसर पर न्यायपंचायत –तारून की शिक्षिका सौम्या गुप्ता ने अपने पपेट की मोहक प्रस्तुति की। प्राथमिक विद्यालय पारागरीबशाह के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्री फयाराम वर्मा ने निपुण योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम के अगले चरण में अपने–अपने विद्यालय को लगभग निपुण बना चुके शिक्षक संकुल जितेन्द्र वर्मा, संतोष उपाध्याय, मो0 शकील, डॉ प्रदीप कनौजिया और अतिकर्मठ आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों रामा सिंह और माया देवी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि, खंड शिक्षा अधिकारी, एसआरजी और समस्त ए आर पी के द्वारा कार्यक्रम में समस्त न्याय पंचायतों द्वारा आयोजित टीएलएम मेले का अवलोकन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# नेपाल एक्वाकल्चर सोसायटी द्वारा टी. सी. मजूपुरिया स्वर्ण पदक से विभूषित हुई डी जी कॉलेज की प्राणी शास्त्र के प्रोफेसर सुनीता आर्य

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : भारत सरकार के आपदा प्रबंधन एवं गृह मंत्रालय, ग्लोकल एनवायरमेंट सोशल एसोसिएशन एवं नेपाल एक्वाकल्चर सोसाइटी के नेतृत्व में जीवाजी यूनिवर्सिटी ग्वालियर में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी जिसका प्रमुख विषय रीसेंट एडवांस इन डिजास्टर मैनेजमेंट एग्रीकल्चर एंड एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी था। इस संगोष्ठी में दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज की जंतु विज्ञान विभाग के प्रोफेसर सुनीता आर्य को जंतु विज्ञान में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु नेपाल की एक्वा कल्चर सोसायटी द्वारा प्राणी शास्त्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक के नाम पर प्रोफेसर डीसी मजुपूरिया स्वर्ण पदक प्रदान किया गया । यह स्वर्ण पदक चितवन विश्वविद्यालय, नेपाल के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रोफेसर डी. के. झा, जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अविनाश तिवारी, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर साहित्य कुमार नाहर एवं आईआईटीटीएम के निदेशक



प्रोफेसर आलोक कुमार जी के द्वारा प्रदान किया गया इस अवसर पर भारत वर्ष के 25 राज्यों सहित तीन अन्य देशों के अनेक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक शिक्षा वेद एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

# यूपीपीसीएल में प्राइवेट कंपनी की मनमानी : न शासन का डर न प्रशासन का

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : कानपुर किदवाई नगर, गोबिदंनगर निकट दारोगा चौराहा यू पी डी220/33 KV जी. आई. एस बिजली घर का निर्माण कार्य UPPTCL के द्वारा प्राइवेट लि. कम्पनी RE-W द्वारा कराया जा रहा है। जिस कम्पनी के एमडी. प्रदीप जिंदल, मैनेजर विनय शर्मा, व साइट इंजी. शशिकान्त यादव हैं। REW ने एक अनुबन्ध द्वारा श्री सागर एण्ड सागर इन्फ्राटेक के प्रोपराइटर हरीश कुमार / राम सागर मौर्य 352/2 मर्दन खेड़ा राजाजी–पुरम लखनऊ को दिया है। हरीश कुमार के द्वारा सिविल का कार्य पूरा करने के बाद उसकी बकाया राशि का भुगतान जो 2008196 है,कंपनी त्मू ने नहीं किया है, तथा अपने भुगतान कराने की बात प्रदीप जिंदल से करने पर कहाँ गया था की आज कल करा देगें जो अभीतक नही हुआ है जिसके कारण हरीश कुमार ने यूपीपीटीसीएल विभाग के चेयरमैन, प्रबंध निदेशक, अधिषाशी अभियन्ता आदि को REW द्वारा भुगतान न करने के संबन्ध में प्रार्थना पत्र भी दिया जिसकी सुनवायी विभाग के द्वारा नही हुयी साथ–ही–साथ कानपुर बर्रा थाने में भी प्रार्थना पत्र दिया जिसकी कोई सुनवायी नही हुयी तथा इसके बजाये पुलिस ने इसे ही एमडी की सह पर परेशान कर रही है। तथा साईट पर हरीश कुमार के T.N.P का सामान भी REW के MD प्रदीप जिंदल के कहने पर इंजी. शशिकान्त यादव ने सारा सामान उठवा लिया जिसकी कीमत करीब २ लाख रु है तथा उसके स्टाफ को भी भगा दिया भुगतान न होने पर हरीश कुमार आर्थिक और मानसिक रूप से बहुत परेशान है ,और वो शासन प्रशासन और बिजली विभाग से REW के एमडी प्रदीप जिंदल से अपने भुगतान करवाने का आग्रह कर रहा है इसलिए वो विवश है।

## उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव : रैपिड सर्वे के आधार पर दिया गया आरक्षण

लखनऊ ब्यूरो : निकाय चुनाव के लिए में पिछड़ों को आरक्षण दिए जाने के लिए रैपिड सर्वे को आधार बनाने को लेकर विपक्षी दल भले ही मौजूदा सरकार को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। लेकिन, इससे पहले की सरकारों में भी इसी को आधार बनाकर निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव कराए गए थे। अलबत्ता उस दौर में इस तरह से हो–हल्ला नहीं मचा था। उप्र नगर पालिका अधिनियम–1994 में दी गई व्यवस्था के मुताबिक निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण देने की प्रक्रिया लागू की गई थी। इसी आधार पर 1994 के बाद से 1995, 2000, 2006, 2012 और 2017 में हुए निकाय चुनाव भी रैपिड सर्वे के आधार पर ही कराये गए हैं। बता दें कि अधिनियम में ही पिछड़ों को आरक्षण देने के लिए रैपिड सर्वे कराने का प्रावधान है। इसके तहत ही प्रत्येक निकायों में पिछड़ों की संख्या जानने के लिए रैपिड सर्वेक्षण कराया जाता है। 2001 में हुई जनगणना के बाद 2005 में हुए पहले निकाय चुनाव में भी अधिनियम के दिए गए प्रावधान के मुताबिक ही रैपिड सर्वे के आधार पर पिछड़ों की सीटों का आरक्षण तय किया गया था। यही प्रक्रिया 2017 के चुनाव में भी अपनाई गई थी। चूंकि मौजूदा सरकार ने 2017 के निकाय चुनाव के बाद से अब तक कुल 111 नये नगर निकायों का गठन और 130 नगर निकायों का सीमा विस्तार किया है। वहीं अधिनियम में दी गई व्यवस्था और रैपिड सर्वे के संबंध में शासन की ओर से जारी शासनादेश को न्यायालय द्वारा अब तक निरस्त नहीं किया गया है। इसलिए सरकार ने इस चुनाव में भी पूर्व निर्धारित व्यवस्था के आधार पर ही रैपिड सर्वे कराया था और उसके मुताबिक ही पिछड़ी जाति के लिए सीटों का आरक्षण जारी किया था, जिसे कोर्ट ने नहीं माना है।

## ग्राम पंचायत द्वारा कार्य का डीपीआरओ द्वारा रात्रि में किया गया निरीक्षण

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : विकासखंड खोराबार की ग्राम पंचायत जंगल गोरी नंबर दो उर्फ अमहिया में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत ओडीएफ प्लस एवं मॉडल बनाए जाने के निमित्त ग्राम पंचायत अमहिया का चयन किया गया है, जिसमें ग्राम पंचायत द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुरूप ग्राम पंचायत में विभिन्न कार्यों का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन एवं उसके आर आर सी रिसोर्स रिकवरी सेंटर का निर्माण ग्राम पंचायत के द्वारा कराया जा रहा है जिसमें निर्माण के पश्चात ग्राम पंचायत के घरों से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य कर रिक्शा के माध्यम से आर आर सी सेंटर पर का कार्य किया जाएगा जिसका निरीक्षण अचानक जिला पंचायत राज अधिकारी ठाकुर द्वारा मौके पर पहुंचकर किया गया दिन भर में ग्राम पंचायत द्वारा जो कार्य किए गए थे ग्राम प्रधान के द्वारा निरीक्षण के दौरान दिखाया गया।गौरतलब है कि शासन के द्वारा संबंधित कार्यों के निर्माण के निमित्त धनराशि निर्गत कर दी गई है तथा प्रत्येक तीसरे दिवस पर धनराशि पर एवं निर्माण की समीक्षा की जा रही है इस क्रम में शासन की मंशा के अनुरूप कार्यों को पूर्ण कराने एवं पारदर्शिता बनाए रखने तथा गुणवत्ता कायम रखने औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण में ग्राम पंचायत जंगल गौरी नंबर 1 में बन रहे कॉमन सर्विस सेंटर का भी निरीक्षण किया गया सर्विस सेंटर का निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व में निर्मित पंचायत भवन के छत पर निर्माण कराया जा रहा है निर्माण दीवाल कर लिया गया है जिसमें प्लास्टर एवं विद्युतीकरण का कार्य किया जाना है.कॉमन सर्विस सेंटर के निर्माण होने से ग्राम पंचायतों में विभिन्न



प्रकार के स्थानीय लोगों की सुविधाएं को उपलब्ध कराया जाना तथा पंचायत सहायकों के माध्यम से सभी प्रकार के योजनाओं के क्रियान्वयन का संचालन किए जाने हेतु के उद्देश्य से बनाया जा रहा है ग्राम पंचायत में ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत लगाया जा रहा है कैमरे का भी निरीक्षण किया गया ग्राम पंचायत जंगल गौरी नंबर 1 में 2 कैमरे ग्राम पंचायत द्वारा लगाया गया है जिस का संचालन एक निश्चित बिंदु से किया जा रहा है निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य के सापेक्ष भुगतान के लिए भी निर्देशित किया गया ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों के देखरेख के लिए शासन द्वारा लगाए गए कंसलटिंग इंजीनियर को भी निर्देशित किया गया कि निर्माण के दौरान नियमित रूप से गुणवत्ता का परीक्षण करते रहे।निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर ने बताया कि कार्यों के संबंध में धनराशि का कोई भी अभाव नहीं है आवश्यकता पड़ने पर अन्य बजे का भी सदुपयोग कर उच्च गुणवत्ता का निर्माण ग्राम पंचायतें करा सकती हैं इसके लिए ग्राम पंचायत स्वतंत्र हैं।निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर के साथ में जिला समन्वयक बच्चा सिंह स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं शशिभूषण सिंह ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कंसलटेंट तथा ग्राम प्रधान सुमित कुमार मौके पर उपस्थित थे।

# ओवरलोडिंग व तीव्र गति से फर्राटे भरते वाहनो के चलते सड़क हादसे में हों रहा इजाफा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)ओवर लोडिंग व तेज रफ्तार वाहन सड़क हादसे में मुख्य कारण बन रहे हैं।जिसके चलते आये दिन सड़क हादसे में कई लोग इस सड़क हादसे मे आसामाजिक मौत का शिकार हो रहे हैं।वही अनेक लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे है।वही सड़क हादसे को रोकने के लिये आरटीओ रितु सिंह अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ साथ रोजा चीनी मिल के के अलावा अन्य स्थानों पर वाहन चालकों को यातायात नियम का पालन करने के लिये शपथ ग्रहण कराने का सराहनीय कार्य कर रही है।इसके अलावा एसएसपी मुनिराज व आरटीओ रितु सिंह के दिशा निर्देश पर आरटीओ विभाग व यातायात विभाग के कर्मी जगह जगह वाहन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर शिकंजा कसने का काम कर रहे हैं।परंतु इसके बावजूद सड़कों पर ओवरलोडिंग वाहन व तेज रफ्तार से वाहन आते जाते दिखाई दे रहे हैं।जिस पर इन विभागों के सख्ती का असर नहीं दिखाई दे रहा है। जिसके चलते रोजाना कही न कही सड़क हादसे में लोगों की आसामाजिक मृत्यु या फिर गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं।जिसके चलते इस सड़क हादासे में कोई बहन या भाई अपना भाई खो रहा है,तो किसी सुहागन का सुहाग मिट रहा है। कोई बुजुर्ग माता पिता अपने बुढ़ापे का सहारा बेटा को,तो किसी के ऊपर से पिता का साया उठ



रहा है। जिसका प्रमुख कारण ओवरलोडिंग वाहन व तीव्र गति से अनफिट वाहनों का दौड़ना है। परंतु इस गंभीर समस्या पर इससे संबंधित विभाग विराम लगाने में असमर्थ दिखाई दे रहा है।इस संबंध में यातायात निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला व एआरटीओ प्रवर्तन ने संयुक्त रुप से बताया कि बीच बीच पुलिस व यातायात कर्मियों द्वारा सभी मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया जाता है। इस दौरान जो भी वाहन ओवरलोडिंग दिखाई पडते है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाती है।इन दोनों अधिकारियों ने बताया कि बताया कि आगे भी वाहन चेकिंग अभियान चलाया जायेगा। जिसके चलते सड़क हादसों में कमी आये।

# क्यूआर कोड भेजकर कहा– पेमेंट रिसीव करिए : स्कैन करते ही खाते से 54 हजार उड़ा दिए



प्रयागराज ब्यूरो : साइबर ठगों ने जार्जटाउन में रहने वाली ऋतु सिंह को क्यूआर कोड भेजकर उनके खाते से 54 हजार रुपये उड़ा दिए। यह रकम तीन बार में उड़ाई गई। इसके अलावा दो अन्य लोगों के खाते से भी हजारों रुपये पार कर दिए। ऋतु पुत्री अरविंद कुमार सिंह सोहबतियाबाग में रहती है। पुलिस को बताया कि मकान किराये पर देने के लिए उसने 99 एकड़ एप पर रजिस्टर किया था। एक दिन अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को सेना का जवान बताया। साथ ही कहा कि वह मकान किराये पर लेना चाहता है। इसके बाद उसने कहा कि वह एडवांस पेमेंट करना चाहता है। उसने एक क्यूआर कोड भेजा और कहा कि इसे स्कैन करते ही रकम आपके खाते में पहुंच जाएगी। ऋतु ने जैसे ही क्यूआर कोड स्कैन किया, उसके खाते से तीन बार में 18–18 हजार रुपये करके कुल 54 हजार रुपये निकाल लिए। पेमेंट फोनपे के जरिये हुआ। इसके बाद भुक्तभोगी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जिसके आधार पर जार्जटाउन थाने में अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। निवेश के नाम पर पहले दिए रिटर्न, फिर 80 हजार ठगे इसी तरह तुलारामबाग निवासी पीयूष तिवारी के खाते से 80 हजार रुपये निकाल लिए गए। उन्होंने बताया कि टेलीग्राम पर एक दिन उसके पास अज्ञात नंबर से मैसेज आया। फिर टेलीग्राम कॉलिंग के जरिये बात भी हुई। कॉल करने वाले ने निवेश पर आकर्षक रिटर्न की बात कही। इसके बाद छोटे निवेश पर कई बार रिटर्न भी दिया। इस तरह से उन्हें भरोसे में लेकर बड़ी रकम निवेश करा




ली। इसके बाद रिटर्न देने का झांसा देकर बार–बार रुपये जमा कराते चले गए। इस तरह से 80 हजार रुपये हड़प लिए। उन्होंने साइबर सेल में शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने तेजी दिखाते हुए साइबर ठग के खाते में रकम फ्रीज भी करा दी, लेकिन बैंक की हीलाहवाली के चलते अब तक उन्हें रकम वापस नहीं मिल सकी। ऐसे फंसाते हैं जाल में एडीजी प्रेमप्रकाश बताते हैं कि सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि क्यूआर कोड पेमेंट करने के लिए होता है। कोई इसके जरिये रुपये देने की बात कहे तो समझ लें कि वह आपके साथ धोखाधड़ी करना चाहता है। ऐसे में बिना जांचे परखे किसी भी क्यूआर कोड को स्कैन न करें। इसके साथ ही यूपीआई पिन के जरिये भी ठगी की घटनाएं होती हैं। साइबर ठग आपको झांसे में लेकर यूपीआई पिन डालने को कहता है और ऐसा करते ही खाता खाली हो जाता है। कई बार लिंक भेजकर ठगी की जाती है। दरअसल लिंक के डिटेल में तो कुछ और लिखा होता है जबकि वास्तव में लिंक पेमेंट के लिए होता है। लोग लिंक की डिटेल देखते हैं जिसमें फॉर पेमेंट रिसीव लिखा होता है, लेकिन इस पर क्लिक करते ही रकम उड़ा दी जाती है।

# विश्व ब्राह्मण महासभा ने गुरु गोविंद सिंह प्रकाश पर्व की दी बधाई

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर विश्व ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनीता मिश्रा जी के प्रतिनिधि वह महासभा के राष्ट्रीय सचिव पंडित धर्मेंद्र शुक्ला ने श्री गुरु गोविंद सिंह जी के जन्म

जयंती प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि देश भर में सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह की जयंती मनायी जा रही है। इस दिन को गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के रूप में भी जाना जाता है। गुरु गोविंद सिंह जी का जन्म पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को बिहार के पटना में हुआ था। गुरु गोविंद सिंह एक महान योद्धा, महान् सेनानायक, वीर क्रांतिकारी, देशभक्त, समाज–सुधारक, भक्त और आध्यात्मिक व्यक्तित्व के एक महान व्यक्ति थे। उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की, जिसे सिखों के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण घटना मानी जाती है। गुरु गोविंद सिंह ने धर्म और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सिखों को संगठित करके सैनिक परिवेश में ढाला था।

## 16 जनवरी को हर्षोल्लास पूर्वक मनेगा काउंट सीजर मैटी का जन्मदिन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) हमेशा की तरह इस वर्ष भी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक डॉक्टर काउंट सीजर मैटी का जन्मदिन हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जायेगा।यह निर्णय गुरुवार को वजीरगंज जप्ती स्थित सैनी क्लीनिक पर आयोजित इस पैथी से जुड़े चिकित्सकों की बैठक में लिया गयाइस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 16 जनवरी को शहर के प्रेस क्लब में इलेक्ट्रो



होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉक्टर काउंट सीजर मैटी का जन्मदिन हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा।इस मौके पर कई चिकित्सक इनके द्वारा किये गये महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला जायेगा।इस बैठक में डॉक्टर राम जी सैनी के अलावा डॉ अजय तिवारी,डॉक्टर बीआर वर्मा, डॉक्टर सुधीर मौर्या,डॉक्टर रणजीत सिंह,डॉक्टर,डॉ गौतम,डॉ सुजीत मौर्या,सुधीर पांडे,मनोज सैनी के अलावा इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से जुड़े कई चिकित्सक मौजूद रहे।

## पीएसी के जवानों ने अज्ञात महिला की जान बचाकर किया सराहनीय कार्य

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 34 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी पीआरओ सेल के मुताबिक घाट वाराणसी पर 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी की बाढ़ राहत दल (बी दल ) के मुख्य आरक्षी कवीन्द्र सिंह, रवीन्द्र कुमार कुंवर तथा आरक्षी रोहित, नागेन्द्र, रंजीत व अमित कुमार राय ड्यूटी पर तैनात थे। तभी सुबह लगभग सात बजे ड्यूटी के दौरान अचानक आत्महत्या करने के लिये शास्त्री ब्रिज से एक अज्ञात महिला नदी में छलाँग लगा दी। जिसके चलते वह तेज धारा की चपेट मे आने से डूबने लगी।तत्काल अपनी जान की परवाह किये बिना आरक्षी नगेंद्र प्रताप व रंजीत कुमार द्वारा पानी मे कूद कर अन्य साथियों की मदद से उक्त महिला को बचा लिया गया एवं तत्काल डायल 112 पर सूचना देकर प्राथमिक उपचार हेतु बीएचयू ट्रामा सेंटर भेजा गया। पीएसी के जांबाजों द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य की वहां मौजूद लोगों द्वारा अत्यंत प्रशंसा की गयी। सेनानायक, 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी,डॉ राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस द्वारा उक्त जवानों के इस साहसिक कार्य की सराहना करते हुए पुरस्कृत किया गया।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।